# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous

Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# कैलास मानसरोवर यात्रा पर लग सकता है ब्रेक!

## तैयारियों को लेकर अब तक असमंजस बरकरार

**सशंय**

■टीमें न भेजे जाने से यात्रा के लटकने के पूरे आसार

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ। जून माह से शुरू होने वाली प्रसिद्व धर्मिक कैलास यात्रा को इस बार देशव्यापी लाकडाउन के चलते ब्रेक लगने के आसार नजर आ रहे है। बता दें कि अब तक जून से शुरू होने वाली कैलास मानारोवर यात्रा के लिए अभी तक केंन्द्र सरकार की ओर से कोई भी संकेत नही मिले है।

बता दें कि अब तक यात्रा मार्ग के पडावों पर होने वाली दिक्कतों को लेकर जिला प्रशासन राजस्व विभाग व लोनवि और कुमाउं मंडल विकास निगम को मौके पर भेज देता था। अब तक कुछ भी तय नही हो पाया है। अब तक इलाकों की दिक्कतों का जायजा लेने के लिए टीमें न भेजे जाने से इस यात्रा के लटकने के पूरे आसार नजर आ रहे है। जानकारी के मुताबिक जून माह से शुरू होने वाली कैलास मानसरोवर यात्रा के लिए मई माह में तैयारियां तेज हो जाती थी।



बता दें कि तैयारियों को लेकर लोनवि व कुमाउमंडल विकास निगम तक तैयारी में लगे रहते थे। वही इस बार यात्रा कराने को लेकर अब तक केंन्द सरकार की ओर से कोई भी बैठक दिल्ली में अब तक नही हो पाई है।

इस बार जहां 17 मई तक लाकडाउन बरकरार है। वही ऐसे समय में यात्रा के स्थगित होने के ज्यादा असार बनते नजर आ रहे है। जानकारी के मुताबिक कैलास मानारोवर यात्रा जून माह की 10 तारीख से हर हाल में शुरू हो जाती थी। वही मगर ऐसे हालातों में तैयारियां संभव नजर नही आ रही है।

बता दें कि यात्रा पर आने वाले भक्तों को ऐसे मे महादेव के दर्शन करने से वंचित होना पड सकता है। जानकारी के मुताबिक ये यात्रा जून माह से शुरू होती थी और सितंबर तक चलती थी। याता में 18 दलों के खत्री शामिल होते है।

यात्रा दिल्ली से प्रारम्भ होकर प्रथम पडाव अल्मोडा से होते हुए आधार शिविर धारचूला पहुचती है। बता दें कि यात्रा में आने वाले दल के लोग गुजी में स्वास्थ परीक्षण करने के उपरांत नाबी गांव में होम स्टे करते है।

बता दें कि याख्यिों का अगला पडाव कालापानी और अंतिम पडाव नाभीढांग होता है। वही बता दें कि अब तक कोई भी दिशा निर्देश न मिल पाने के कारण यात्रा के लटकने के पूरे आसार बने हुए है।

जिलाअधिकारी डा विजय जोगदडे ने बताया कि अब तक उनको कैलास मानसरोवर यात्रा को कराने के लिए केन्द सरकार से कोई भी आदेश नही मिले है। उन्होने बताया कि गाइड लाइन मिलने पर तैयारी को लेकर बाद में गताया जायेगा। जानकारी के मुताबिक कही न कही इस बार देश व्यापी लाकडाउन के चलते प्रसिद्व धार्मिक कैलास मानसरोवर यात्रा पर ब्रेक लगने के आसार नजर आने संभव है।

## न्यूज डायरी

### जेल के बंदियों और परिवार वालों के बीच ई–मुलाकात

**संवाददाता** हरिद्वार। लॉकडाउन में जेल के बंदियों की मुलाकात पर करीब दो महीने से ब्रेक लगा है। कोरोना की दहशत के बीच कैदियों के परिवार वाले उनका हाल चाल जान सकें, इसके लिए ई–मुलाकात की सुविधा शुरू की गई है। इसके तहत कैदी परिवार वालों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये मिल रहे हैं। प्रदेश की सबसे बड़ी हरिद्वार जेल में रोजाना सात–आठ कैदी अपने परिवारों से रूबरू हो रहे हैं। लॉकडाउन ने आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी के अलावा सरकारी विभागों के काम–काज के तौर तरीके को भी बदल कर रख दिया है। मार्च के महीने में कोरोना संक्रमण के केस बढ़ने पर देश भर की जेलों में एहतियात बरतने के आदेश सुप्रीम कोर्ट की ओर से जारी किए गए थे।

### फोर्ड डीलरशिप्स डायल–ए–फोर्ड के साथ सेल्स एवं सर्विस के अनुभव का पुनर्गठन करेंगी

**संवाददाता** देहरादून। ग्राहकों के लिए सुरक्षित व सैनिटाईज्ड वातावरण सुनिश्चित करने के मौलिक उपाय करने के बाद फोर्ड इंडिया अपनी डीलरशिप्स पर काम पुनः शुरू होने पर स्थानीय दिशानिर्देशों के अनुरूप सुविधा को प्राथमिकता दे रहा है। ग्राहकों के लिए फोर्ड डीलरशिप सुविधा उनके घरों पर अब डायल–ए–फोर्ड द्वारा उपलब्ध होगी। इस नए तरीके में सेल्स व सर्विस से जुड़ी विस्तृत व्यवस्था की प्रक्रिया व नीतियां हैं, जिनका नियंत्रण हैल्पलाईन 1800–419–3000 के माध्यम से एक केंद्र द्वारा किया जाएगा। डायल–ए–फोर्ड द्वारा ग्राहक फोर्ड टीम से कनेक्ट हो सकेंगे तथा बुकिंग, टेस्ट ड्राईव तथा अपने नए वाहन की डोर–स्टेप डिलीवरी प्राप्त कर सकेंगे। मौजूदा ग्राहकों के लिए डायल–ए–फोर्ड पिक–अप एवं ड्रॉप सर्विस तथा टेक्नॉलॉजी का उपयोग करते हुए ऑनलाईन कंसल्टेशन की व्यवस्था करेगा।

### समिति को प्रदान की महिलाओं व युवाओं ने रोटियां

**संवाददाता** देहरादून। सरस्वती विहार विकास समिति अजबपुर खुर्द द्वारा लगातार 38वें दिन 310 खाने के पैकेट हरिद्वार बाई पास पुलिस चौकी के माध्यम से वितरित किए गए आज क्षेत्र की महिलाओं और युवाओं ने रोटियां बना कर दी गई और जरूरतमंदों को रोटियों का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति के सचिव गजेंद्र भंडारी ने कहा कि सभी क्षेत्रवासियों का इस पुनीत कार्य में निरंतर सहयोग मिल रहा है जिससे हमको नई उर्जा मिल रही है और समिति लगातार यह पुनीत कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि आज समिति के मंत्री सुबोध मैथानी का जन्मदिन था इस उपलक्ष में उनकी तरफ से आज की भोजन व्यवस्था की गई थी।



**कटे चालान**

घंटाघर में दो पहिए वाहन में दो सवारी पर चालान काटते हुए सीपीयू।

# दिल्ली में फंसे उत्तराखंडियों को हम लायेंगें, सरकार दे जिम्मेदारी

**संवाददाता**

देहरादून। आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नवीन पिरशाली ने कहा है कि प्रदेश की सरकार दिल्ली में फंसे उत्तराखण्डियों को वापिस नहीं ला सकती तो यह जिम्मेदारी हमें दे और हम केजरीवाल सरकार की मदद से दिल्ली में फंसे उत्तराखण्डियों को वापिस लायेंगे। प्रदेश सरकार में निर्णय लेने की कोई क्षमता नहीं है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली और देश भर में फंसे उत्तराखण्ड के प्रवासी लोगों को सरकार ने जिस तरह धोखा दिया है वो सब जानते हैं। उन्होंने कहा कि पहले वापिस लाने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया और फिर मना कर दिया। जिस तरह से अन्य राज्यों में फंसे प्रवासी उत्तराखंडी घर वापसी के लिए सरकार से गुहार लगा रहे हैं और उत्तराखण्ड में रह रहे उनके घरवाले अपने चहेतों की बाट जोह रहे हैं इस दर्द को देखते हुए हम चुप नहीं बैठ सकते। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की सरकार में निर्णय लेने की क्षमता खत्म हो चुकी है, उन्होंने कहा कि सरकार सुबह कुछ शाम को कुछ कह रही है। सरकार सीधे तौर पर अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है। यदि मुख्यमंत्री को हमारे उत्तराखंडी लोगों की थोड़ी सी भी परवाह है तो उनको वापस लाने की कार्रवाई करे और अगर सरकार के अंदर यह करने की क्षमता नहीं है तो सरकार हमें बताए। उत्तराखण्ड की जनता क्षमताहीन नेताओं की मोहताज नहीं है।

**प्रदेश सरकार में निर्णय लेने की कोई क्षमता नही**

पिरशाली ने कहा कि उत्तराखण्डवासियों के हितों के लिए हर कदम उठाने की क्षमता रखने वाली एक सरकार दिल्ली में चल रही है, आम आदमी पार्टी की सरकार और उत्तराखंड सरकार दिल्ली में फंसे उत्तराखण्डी लोगों की जिम्मेदारी हमें दे। सरकार कह दे कि उनसे नहीं हो सकता और हमें दिल्ली के सारे प्रवासी लोगों के डेटा दे और हमें अधिकृत करें तो दिल्ली सरकार से निवेदन करेंगे।

### मौसम बना आफत

**संवाददाता** पिथौरागढ। बीते मंगलवार रात्रि मौसम ने अपना जमकर रौद्र रूप दिखाया। जानकारी के मुताबिक मुवानी के निकट मुगरौली गांव में मध्य रात्रि के आसपास इलाके में मौसम का रोद्र रूप देखने को मिला। बता दें कि 25 परिवार वालेगांव के ग्रमीण रात को सो रहे थे। वही इस दोरान अचानक बाहर तेज आवाज आने लगीं। वही दूसरी ओर पहाड की तरफ से पानी व मलबा बहने की आवाज सुनाई दी। लोगों में चीख पुकार मच गई। बता दें कि लोगजैसे ही अपने घरों से बाहर निकले तो मुंगरौली गांव से लगभग पांच सौ मीटर उपर नवर्निमित सडक का मलबा नाले के साथ गांव में आ रहा था। वही ये मलबा क्षेत्र के लोगोंके मकानों के भीतर घुस गया। जानकारी के मुताबिक मलबे का बहाव इतना तेजी से आया कि स्थानीय ग्रमीण के घर के पीछे गडढा बन गया। वही ग्रमीण की रसोईघर मलबे में दब गई। वही पडोस के कुछ ग्रमीणों ने पीडित गांव के ग्रमीणा को दूसरे मकानों में शरण दी । सूचना मिलने पर राजस्व निरीक्षक नारायण सिह करायत ने गांव में पहुंचकर क्षति का आंकलन किया।